


# संकट काल में ही नेतृत्व की पहचान होती है : जनरल द्विवेदी

## अटल बिहारी मेडिकल कॉलेज में थल सेना अध्यक्ष ने मेडिकल छात्रों एवं शिक्षकों को किया संबोधित

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 1 नवम्बर. थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि संकटकालीन परिस्थितियों की चुनोतियो का मुकाबला कठिन परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता और संयम से ही वास्तविक नेतृत्व की पहचान होती है।**

वे शनिवार को शासकीय अटल बिहारी बाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालय में के चिकित्सा शिक्षकों एवंएमबीबीएस के छात्रों को संबोधित कर रहे थे. इस मौके पर महाविद्यालय के डीन डॉ. एस. पी. गर्ग ने सेनाध्यक्ष को शॉल-श्रीफल एवं माँ शारदा की तस्वीर स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की गई। बाद में सेनाध्यक्ष जनरल द्विवेदी ने भी डॉ. गर्ग को उनकी उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता के लिए मेडल और अपनी ओर से स्मृति चिह्न भेंट किया।कार्यक्रम में राष्ट्र और समाज को सुदृढ़ करने में सशस्त्र बलों और चिकित्सकों की समान भूमिका पर बोलते हुए जनरल ने कहा कि दोनों ही वर्ग मानवता की सेवा में अग्रणी हैं और देश की रीढ़ हैं।उन्होंने कहा कि अनुशासन और सेवा का महत्व व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक जीवन में सफलता और सम्मान का मुख्य आधार है।जनरल द्विवेदी ने बताया कि सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा में चिकित्सकों के लिए अच्छा अवसर है.उन्होंने युवा




चिकित्सकों को इससे जुड़कर राष्ट्रसेवा का गौरव प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। जनरल द्विवेदी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में चिकित्सकों की भूमिका उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी सैनिकों की . दोनों ही जीवन की रक्षा के लिए समर्पित हैं.समारोह की अध्यक्षता करते हुए डीन डॉ. गर्ग ने सेनाध्यक्ष के आगमन को महाविद्यालय के लिए ऐतिहासिक अवसर बताया। उन्होंने कहा कि यह अवसर संस्थान के विकास और विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण में नई प्रेरणा का संचार करेगा। साथ ही उन्होंने समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से भारतीय सेना को ऑपरेशन सिंदूर एवं राष्ट्र की सतत सुरक्षा में उनके अद्वितीय योगदान के लिए साधुवाद दिया और आभार प्रकट किया।कार्यक्रम के अंत में डॉ. अम्बरीश मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि, विद्यार्थियों के लिए यह सत्र एक अद्वितीय मेंटरशिप अनुभव रहा। जनरल का जीवन इस बात का प्रेरक उदाहरण है कि ऊँचाइयों पर पहुँचकर भी व्यक्ति अपनी जड़ों से कैसे जुड़ा रह सकता है.उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि आज राज्य स्थापना दिवस होने के साथ यह विंध्य और मध्यप्रदेश के लिए गौरव का विषय है कि वर्तमान में देश के थल और जल दोनों सेनाओं के प्रमुख इसी प्रदेश की माटी के सपूत हैं।कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रियंका चौबे ने किया। अंत में सेनाध्यक्ष के साथ महाविद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों का सामूहिक फोटो सेशन भी आयोजित किया गया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं अधिकारीगण एवं शहर के विशिष्ट जन उपस्थित रहे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### डॉ . प्रजापति की टीम ने बनाई ऑपरेशन सिंदूर रंगोली



सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी के आगमन अवसर पर महाविद्यालय परिसर में डॉ. मनोज प्रजापति एवं उनकी टीम ने ऑपरेशन सिंदूर शीर्षक वाली रंगोली बनाई थी .जिसका उन्होंने अवलोकन किया। इस अनूठी रचना की विषयवस्तु और भावना से प्रभावित होकर उन्होंने डॉ. मनोज प्रजापति को ऑपरेशन सिंदूर मेडल से सम्मानित किया।इसके पूर्व अधिष्ठाता डॉ. एस. पी. गर्ग ने सेनाध्यक्ष का महाविद्यालय परिसर में पहुचने पर पुष्पगुच्छ से स्वागत किया.




## नागौद पुलिस ने 4 आरोपी सहित 37 नग भैंस व पड़वा से लदा ट्रक किया जब्त

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 1 नवंबर. नागौद पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे 37 नग भैंस व पड़वा बरामद किया है.**

थाना प्रभारी निरी. अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में दौरान वाहन पेट्रोलिंग के ट्रक क्रमांक क्क्120 ष्टञ्ज 6923 में भैंस व पडवा को लादकर उचेहरा तरफ से नरैनी बांदा तरफ जा रहा है की सूचना पर त्वरित कार्यवाही कर हमराह स्टाफ के नाकाबंदी कर ट्रक क्रमांक UP 12 CT 6923 आता हुआ दिखा, जिसे सिंहपुर चौराहा के पास रूकवाया गया. ट्रक का चालक व तीन व्यक्ति पुलिस को देखकर ट्रक को खड़ा कर छोड़कर भागने का प्रयास किये, जिन्हे घेराबंदी कर पकड़ा गया व चारों से उनका नाम पता पूछा गया, अपना नाम एहसान अब्बासी पिता बाबू खान उम्र 35 वर्ष, निवासी ताबली थाना शाहपुर, जिला मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) , मोहम्मद तौहीद पिता अक्तर उम्र 28 वर्ष, निवासी ताबली थाना शाहपुर, जिला मुजफ्फरनगर (उ.प्र.), सईम खान पिता सलीम खान उम्र 23 वर्ष, निवासी जोगिमा काप थाना एन.के.जे कटनी जिला कटनी ,नफीस खान पिता गुलाब खान उम्र 32 वर्ष, निवासी जोगिमा काप थाना एन.के.जे कटनी जिला कटनी (म.प्र.) के होना बताये ट्रक में पीछे देखने पर ट्रक के अन्दर क्ररूरता पूर्वक 24 नग भैंस, 12 नग पडवा व 01 नग पडिया कुल 37 नग भैंस व पडवा पडिया होना पाया गया, जो बैठने की जगह उक्त ट्रक में न होने से एक दूसरे से दबे व सटे एवं कसे हुए लदे थे, जो कि ट्रक चालक, हेल्पर व दो अन्य साथी के द्वारा उसमें लदे 37 नग भैंस व पडवा पडिया को बेचने के उद्देश्य से ले जाना पाया गया,दस्तावेज चाहने पर पेश नहीं किये जाने से उपरोक्त के विरूद्ध अपराध धारा 11 पशु क्रूरता अधि., 4, 6, 9a,10 म.प्र. कृषक पशु परिरक्षण अधि. का पाये जाने से कुल 37 नग ट्रक वाहन को जप्त कर कुल कीमत करीबन 8,00000 रुपये मय एक ट्रक क्र यूपी 12 सीटी 6923 सहित आरोपीगणों को गिरफ्तार किया जाकर अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया । इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी. अशोक पाण्डेय ,सउनिरी रविशंकर शुक्ला ,प्रआर 727 संजय मिश्रा ,571 महेन्द्र साकेत ,नायक 24 अतेन्द्र त्रिपाठी की भूमिका-सराहनीय रही.

## कोलगवां कोतवाली बनी राजनीति का अखाड़ा, घंटों होती रही नारेबाजी

### रात में भाजपा, कांग्रेस कार्यकर्ता आमने-सामने करते रहे नारेबाजी

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 1 नवम्बर. सांसद थप्पड़ काण्ड ने शनिवार की शाम अचानक राजनैतिक रूप उस समय ले लिया जब कांग्रेस विधायक जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ कुशवाहा क्रेन आपरेटर के परिजनों को लेकर थाने पहुंच गए. कोलगवां थाने पहुंचे परिजनों का कहना था कि आपरेटर रात से गायब हैं उसकी सुरक्षा की जाए.**

मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस अध्यक्ष श्री कुशवाहा ने






शुक्रवार को भी इस घटना को लेकर सोशल मीडिया में अपनाबयान जारी किया था. जिसमें उन्होंने इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी. शनिवार की शाम तेजी से बदले घटनाक्रम में आपरेटर गणेश कुशवाहा की पत्नी के साथ थाने पहुंचे विधायक ने पुलिस पर इस बात का दबाव बनाया कि परिजनों की शिकायत पर घटनाक्रम को लेकर प्राथमिकी दर्ज की जाए. पुलिस ने लिखित शिकायत लेकर जांच के उपरान्त मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन दिया. हालांकि कांग्रेस विधायक इस बात अड़े रहे कि परिजनों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया जाए. धीरेधीरे कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की संख्या थाने में बढ़ता देख भारतीय जनता पार्टी के लोग भी इस मामले में सक्रिय हुए. विधायक ने धरने पर बैठने की बात करके मामले को तूल दे दिया. आनन फानन में शहर के तीनों थानों से बल कोलगवां थाने बुला लिया गया. इसके बावजूद भी माहौल गहराने लगा. दूसरी तरफ भाजपा जिलाध्यक्ष भगवती पाण्डेय के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं का हुजूम भी थाने पहुचा और दोषी आपरेटर के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करने की मांग करने लगा. बाद में सीएसपी को सौंपे ज्ञापन में भाजपा ने आपरेटर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग करते हुए हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज करने का उल्लेख ज्ञापन में किया है.

### दिया सात दिन का समय

मामले में दोनों पक्ष की बातें सुनने के बाद पुलिस ने कांग्रेस को सात दिन की मोहलत लेते हुए घटनाक्रम की जांच का आश्वासन दिया है. इसी प्रकार भाजपा के भी लोगों को ज्ञापन लेने के पश्चात उचित कार्यवाई का आश्वासन दिया है.

### कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने दी चेतावनी

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने फोन पर नगर पुलिस अधीक्षक से बातचीत में पीड़ित परिवार के पक्ष में मुकदमा दर्ज किये जाने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं किया जाता तो वे स्वयं 50 हजार कार्यकर्ताओं को लेकर आएगे और थाने का घेराव करेंगे. बताया जाता है कि भाजपा कार्यकर्ता ने इस बात का विरोध करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष के मुर्दावाद के नारे भी लगाए.

## चौक चौराहों पर कफ सिरप बेचने वाला धराया

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 1 नवम्बर. ऑपरेशन प्रहार 2.0 के तहत रामनगर थाना पुलिस ने चौक चौराहों पर कफ सिरप बेचने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।**

इसके कब्जे से 16 शीशी सिरप जब्त कर आरोपी के खिलाफ प्रकरण पंतीबद्ध किया गया है। यह कार्रवाही निरीक्षक विजय त्रिपाठी के नेतृत्व में की गई है। पुलिस के अनुसार, खबर मिली थी कि रामजी पटेल पिता रामसिया पटेल निवासी ग्राम मिरगौती अपने गांव में ही बूढ़ी माता मंदिर चौराहा के पास नशीली कफ सिरप बेचने के लिए रुका है। सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए आरोपी के कब्जे से 16 शीशी नशीली ऑनरेक्स कफ सिरप जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। इसके खिलाफ धारा 8, 21, 22 एनडीपीएस एक्ट, 5/13 ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। इस कार्रवाही में एएसआई समरजीत कोल, प्रधान आरक्षक रावेन्द्र सिंह, आरक्षक राजेश यादव की अहम भूमिका रही।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 1 नवम्बर.** न्यायालय द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश अमरपाटन जिला सतना मध्य प्रदेश प्रदीप कुमार दुबे की अदालत में थाना ताला के अपराध क्रमांक 141/19 सत्र प्रकरण क्रमांक 265/18, अपराध धारा 302,201 भारतीय दंड संहिता के मामले में आरोपी सुखलाल प्रजापति पिता धर्मेंद्र प्रजापति निवासी मुकुंदपुर थाना ताला जिला सतना मध्य प्रदेश को दोषी पाते हुए धारा 302 भारतीय दंड संहिता में आजीवन कारावास एवं 1000 के अर्थ दंड तथा 201 भादवि में 5 वर्ष के कठोर कारावास तथा1000 के अर्थ दंड से दंडित किया गया एवं एक अन्य आरोपी लक्ष्मण प्रजापति पिता सुग्रीव प्रजापति निवासी मुकुंदपुर को धारा 201 भादवि में 5 वर्ष के कठोर करावास तथा1000 के अर्थ दंड से दंडित किया गया अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक पंकज कुमार पटेल ने शासन की ओर से पैरवी की।

## थल सेना अध्यक्ष को ऑपरेशन सिंदूर कार्यक्रम का निमंत्रण


**नवभारत न्यूज**

**सतना, 1 नवम्बर. विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित 12वें विंध्य व्यापार मेले के अंतर्गत होने वाले 11 दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एक विशेष कार्यक्रम - ऑपरेशन सिंदूर - का आयोजन किया जा रहा है।**



यह कार्यक्रम विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स की थीम ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित है, जिसे विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कृष्णा नगर, सतना द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।इसी क्रम में सरस्वती विद्यालय, कृष्णा नगर में अध्ययनरत रहे विद्यालय के पूर्व छात्र एवं वर्तमान में भारतीय थल सेना अध्यक्ष माननीय जनरल उपेंद्र द्विवेदी जी से विद्यालय में भेंट का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विंध्य चेंबर ऑफकॉमर्स के प्रतिनिधि एवं विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद, कृष्णा नगर के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से ऑपरेशन सिंदूर कार्यक्रम का निमंत्रण माननीय थल सेना अध्यक्ष को भेंट किया तथा उन्हें कार्यक्रम में सम्मिलित होने का सादर आमंत्रण दिया।

**निमंत्रण देने वालों में** -योगेश ताम्रकार, दीपक अग्रवाल, अनिल मोटवानी, मनमोहन माहेश्वरी, अश्वनी अग्रवाल, भरत चौरसिया, हेमंत चतुर्वेदी, केशव माखीजा, रोहित अग्रवाल, प्रकाश गौतम, सुभाष बनर्जी, मुकेश अग्रवाल एवं रजनीश अग्रवाल शामिल रहे।



## निरंकारी संत समागम के 78 वें वार्षिक कार्यक्रम का शुभारम्भ

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 1 नवम्बर. आत्ममंथन एक भीतर की यात्रा है। इसे केवल चंचल मन और बुद्धि के स्तर पर नहीं तय किया जा सकता। इसके लिए अपने अंदर आध्यात्मिक रूप में मंथन करने की जरूरत है। यह उद्गार सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने 31 अक्तूबर से 3 नवंबर तक चलने वाले 78वें वार्षिक निरंकारी सन्त समागम के पहले दिन मानवता के नाम अपना पावन संदेश देते हुए व्यक्त किए।**

सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं आदरणीय निरंकारी राजपिता रमित जी की पावन छत्रछाया में आयोजित इस चार-दिवसीय संत समागम में पूरे भारतवर्ष एवं विदेशों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु भक्त सम्मिलित होकर समागम का भरपूर आनंद प्राप्त कर रहे हैं। गुरु माता जी ने आगे कहा कि हर मानव के अंदर और बाहर एक सत्य निवास करता है, जो स्थिर और शाश्वत है। इसी सत्य को पहले जानना होगा। जब मनुष्य को हर किसी के अंदर इस सत्य का दर्शन होगा तो फिर उसके मन में सबके प्रति प्रेम का भाव उत्पन्न होगा। वास्तव में परमात्मा ने मनुष्य को इस तरह ही बनाया है जिससे उसके मन में प्रेम भाव की प्राथमिकता हो, लेकिन अज्ञानता के कारण मनुष्य एक-दूसरे से नफरत करने के कारण ढूंढ़ लेता है।



## एकेएस और योमा बिजनेस के बीच में प्रशिक्षण के लिए साझेदारी

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 1 नवंबर. ए.के.एस. विश्वविद्यालय, सतना और योमा बिजनेस सॉल्यूशन्स प्रा. लि. ,ए बाइलो ग्रुप कंपनी के बीच रोजगार एवं प्रशिक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।**

इस समझौते का उद्देश्य विश्वविद्यालय के विभिन्न शैक्षणिक पृष्ठभूमि वाले विद्यार्थियों को देशभर में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना और उन्हें उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण देकर रोजगारोन्मुख बनाना है।इस साझेदारी के तहत ए.के.एस. विश्वविद्यालय अपने योग्य विद्यार्थियों की सूची योमा बिजनेस सॉल्यूशन्स को उपलब्ध कराएगा, ताकि उन्हें देशभर में विभिन्न नियोक्ताओं तक पहुंचाया जा सके। विश्वविद्यालय और कंपनी मिलकर कैंपस भर्ती अभियानों का आयोजन करेंगे, जिसमें योमा विश्वविद्यालय का प्राथमिक साझेदार रहेगा। विद्यार्थियों की क्षमता और रोजगार योग्यता बढ़ाने के लिए दोनों संस्थान संयुक्त रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करेंगे। साथ ही, विद्यार्थियों की भौगोलिक तैनाती को प्रभावी बनाने के लिए विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट विभाग और योमा मिलकर तैनाती रणनीति तैयार करेंगे। यह समझौता उद्योग और शिक्षा जगत के बीच मजबूत सहयोग का उदाहरण बनेगा। समझौता तीन वर्षों तक प्रभावी रहेगा.

## कलेक्टर के विरुद्ध सरकारी वकील लामबंद

**नवभारत न्यूज**

**सतना,1 नवम्बर. बुरहानपुर कलेक्टर द्वारा जीपी-एजीपी के साथ अमर्यादित व्यवहार के विरोध में मध्यप्रदेश शासकीय अधिवक्ता (जीपी-एजीपी) संघ के प्रतिनिधि मण्डल द्वारा 3 नवम्बर 25 को राजधानी भोपाल में सक्षम उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर कार्यवाही हेतु ज्ञापन सौंपा जाएगा।**

संघ के प्रदेश महासचिव एवं सतना जिला के लोक अभियोजक - शासकीय अभिभाषक रमेश मिश्रा ने बताया यह ज्ञापन दिनांक 17.10.2025 को जिला बुरहानपुर के कलेक्टर डॉ. एच. एस. सिंह द्वारा शासकीय अधिवक्ता श्यामकुमार देशमुख (लोक अभियोजक) एवं अन्य एजीपीगण के साथ मीटिंग के दौरान किए गए अमर्यादित, अपमानजनक एवं असंवैधानिक व्यवहार के विरोध में सौंपा जाएगा।

## सतना में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया प्रदेश का 70वां स्थापना दिवस

**नवभारत न्यूज**

**सतना 01 नवम्बर. सतना जिले में मध्यप्रदेश की स्थापना का 70वां स्थापना दिवस समारोह पुलिस परेड ग्राउण्ड में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।**

जिला स्तरीय स्थापना दिवस समारोह की मुख्य अतिथि प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने सतना जिले के नागरिकों सहित प्रदेशवासियों को



स्थापना दिवस की शुभकामनायें देते हुए मध्यप्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए अपना उत्कृष्ट योगदान करने की शपथ भी दिलाई। सामूहिक राष्ट्रगान के पश्चात राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, लोकतंत्र सेनानी और अंगदान, देहदान करने वाले व्यक्तियों के परिजनों का शाल-श्रीफल से सम्मान किया। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने देशभक्ति और मध्यप्रदेश के गौरव को रेखांकित करते हुए नयनाभिराम सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शानदार प्रस्तुतियों पर आदित्य इंग्लिस हायर सेकेण्डरी स्कूल प्रेमनगर को प्रथम, शासकीय हाईस्कूल गली नं. 5 धवारी को द्वितीय और नालंदा उ.मा. विद्यालय सतना को तृतीय पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। मध्यप्रदेश गान और छात्र-छात्राओं के पुरूस्कार वितरण के पश्चात वंदेमातरम के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### एक नजर में



### प्री-प्राइमरी के 100वें दिन पर जश्न मनाया गया

**सतना।** बोनान्ज़ा का. हासे. स्कूल में प्री-प्राइमरी के 100 दिन पूरे होने के उपलक्ष्य में एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बोनान्ज़ा प्रागंण में डायरेक्टर दिलीप अरोरा एवं रूचि अरोरा के मुख्य अतिथ्य चेयरपर्सन गौरव अरोरा की अध्यक्षता प्राचार्या रश्मि श्रीवास्तव एवं हेडमिस्ट्रेस नित्या दुबे के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्री-प्राइमरी के सभी छात्र-छात्राओं के माता-पिता को आमंत्रित किया गया।। कार्यक्रम का संचालन पुष्पा दत्ता व प्रेरणा अग्निहोत्री द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मैडम जवा धारा, संगीता गुप्ता, रितु सिंह, चंदीप कौर, पायल गुप्ता, आकृति सिंह, साधना गुप्ता, प्रिंसी सिंह, वंदना पाण्डेय, आकाश बनर्जी, विनय पाण्डेय नीरज़ा सिंह व दीपाली सिंह का योगदान सराहनीय रहा।


### छात्राओं ने मध्यप्रदेश गान और वन्देमातरम की प्रस्तुति दी

**सतना।** शासकीय संदीपनि उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बगहा के शिक्षक विनय कनौजिया ने बताया की 01 नवम्बर 2025 को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह का आयोजन पुलिस परेड ग्राउण्ड सिविल लाइन सतना में किया गया। कार्यक्रम की अगली श्रृंखला में विद्यालय की बहनों (छात्राओं) द्वारा मध्यप्रदेश गान की प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक समारोह के पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम की प्रस्तुति दी गई। अन्त में माननीय राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी जी द्वारा छात्राओं को शील्ड और प्रमाण पत्र दिया गया। उक्त कार्यक्रम को तैयार करवाने में संस्था के प्राचार्य आर पी मिश्रा एवं संगीत शिक्षिका कु पदमा शुक्ला जी का सराहनीय प्रयास रहा।



### नवनियुक्त पदाधिकारीयों का किया गया सम्मान

**सतना,।** मध्य प्रदेश अग्रवाल युवा महासभा के नवनियुक्त संभागीय एवं जिला पदाधिकारीयों को 31अक्टूबर शुक्रवार को सम्मानित किया गया। अग्रवाल महासभा के प्रांतीय उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम अग्रवाल ने एक सादे समारोह में युवा महासभा के संभागीय अध्यक्ष अमित गोयल कुक्कू, युवा महासभा के जिलाध्यक्ष डॉक्टर अशोक अग्रवाल, जिला महामंत्री राजेश अग्रवाल, शुभम, जिला कोषाध्यक्ष संजय बंसल डाटा केयर को महाराजा अग्रसेन जी के अंगवस्त्र एवं मिष्ठान भेंट कर सम्मानित किया।



### श्रीमती सुधा सिंह का निधन

**कोटर।** चितगढ़ निवासी श्रीमती सुधा सिंह (माता विनोद सिंह चितगढ़, दादी जनपद सदस्य विनय सिंह एवं विवेक सिंह) का दिनांक 31 अक्टूबर 2025 को स्वर्गवास हो गया। उनका जन्म वर्ष 1940 में हुआ था, इस प्रकार उनकी आयु लगभग 85 वर्ष की थी। उनके निधन से समूचे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

